सार्क आर्बिट्रेशन काउंसिल

रिक्ति घोषणा

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग (सार्क) की एक विशेष संस्था सार्क आर्बिट्रेशन काउंसिल(एसएआरसीओ), जिसका अपना सचिवालय इस्लामाबाद, पाकिस्तान में है, अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित व्यावसाय वर्ग के पद की भर्ती करने हेतु सार्क सदस्य देशों की सरकारों के नागरिकों से निम्न मानदंड़ों के अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है:

पदनाम	कार्य स्थल	योग्यता	दक्षता और अनुभव
उप निदेशक (कानून)	इस्लामाबाद, पाकिस्तान	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक की डिग्री। कानून में स्नातकोत्तर डिग्री अतिरिक्त योग्यता मानी जाएगी।	न्यूनतम 07 वर्षों का व्यावसायिक अनुभव जिसमें 02 वर्षों का वरिष्ठ स्तरीय अनुभव होना चाहिए। पंचनिर्णय और मध्यस्थता कार्य-संबंधी अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी

<u>सार्को से प्राप्त होने वाले भत्ते, सुविधाएं और लाभ</u>

1.	निर्वाह भत्ता	यूएस $ 1540.00(एक हजार पाणय सौ चालीस अमरीकी डॉलर) प्रतिमाह((50% अमेरिकी डॉलर और 50% पाकिस्तानी रुपए)।
2.	मकान किराया भत्ता के बदले दैनिक भत्ता (गैर-पाकिस्तानी नागरिकों के पहली बार आगमन पर)	आवास की सुविधा न होने पर पहली बार आगमन पर मकान किराया भत्ते के बदले अधिकतम 21 दिनों तक होटल आवास के लिए प्रति दिन यूएस $ 160. 00 की दर से भुगतान किया जाएगा। इस अवधि के दौरान पत्नी और 21 वर्ष से कम आयु के दो आश्रित बच्चों को दैनिक भत्ता के 50 प्रतिशत का भुगतान किया जाएगा।
3.	आवासीय व्यवस्था	असुसज्जित आवासीय मकान हेतु किराए की अधिकतम सीमा राशि यूएस $ 787.00 (केवल) के बराबर का भुगतान प्रति माह स्थानीय पाकिस्तानी मुद्रा में किया जाएगा।
5	सजावट अनुदान	आगमन पर सजावट/व्यवस्था हेतु यूएस $ 2,000.00 राशि का एकमुश्त अनुदान।

6	बच्चों के शिक्षा भत्ता	प्रति वर्ष यूएस $ 2,000.00 की वार्षिक सीमा के अंदर 4 से 21 वर्ष की आयु तक के अधिकतम दो बच्चों की अर्थात ग्रेड XII / A- स्तर तक, 90% स्कूल ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति, जिसमें प्रवेश, पंजीकरण और अन्य अनिवार्य शुल्क आदि शामिल हैं, वास्तविक फीस की रसीद प्रस्तुत कर की जा सकती है।
7	चिकित्सा भत्ता	US $ 1,500.00 की वार्षिक सीमा के अधीन स्वयं, पति/पत्नी और आश्रित बच्चों के लिए चिकित्सा उपचार पर किए गए वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति।
8	गृह छुट्टी भत्ता	18 महीने की लगातार सेवा पूरी करने के बाद अपने कार्यकाल में एक बार स्वयं, पति/पत्नी और आश्रित बच्चों के लिए इकोनॉमी क्लास में गृह छुट्टी भत्ता।

सरकार द्वारा नामित किए जाने पर मिलने वाले लाभ:

सरकारी कर्मचारियों को यदि सदस्य देशों के विदेश मंत्रालय/ विदेश मामलों के मंत्रालय द्वारा नामांकित/नियुक्त किया जाता है, तो वह स्वयं और परिवार के लिए कार्य ग्रहण और गृह वापसी लागत के साथ-साथ नामांकित सरकार से वेतन/भत्ते प्राप्त करने का हकदार होंगा।

सामान्य अपेक्षाएँ:

• क्षेत्रीय और वैश्विक संदर्भ को स्पष्ट रूप से समझना आवश्यक है।

• मिश्रित संस्कृति और टीम के साथ काम करने में सक्षम होना चाहिए।

• अपनी पूर्ववत्तांत और दक्षता का प्रमाण लिखित में प्रस्तुत करने का साथ-साथ अंग्रेजी में संवाद स्थापित करने में प्रवीण होना चाहिए।

• कंप्यूटर का उपयोग करने में सक्षमता अपेक्षित है और स्वतंत्र रूप से काम करने और परिणाम उन्मुख गुणवत्तापूर्ण आउटपुट देने में सक्षम होना चाहिए।

• सभी गतिविधियों मे महानिदेशक की सहायता करना और सौंपा गया कार्य संपादित करना।

• निष्कलंक कार्य रिकॉर्ड।

सामन्य सूचनाएँ

· सेवा का कार्यकाल 03 वर्ष है (03 वर्ष की अगली अवधि के लिए इसे बढ़ाया जा सकता है)

· अधिकतम आयु सीमा 55 साल है (असाधारण योग्यता या क्षेत्रीय प्रतिनिधि के मामले में आयु सीमा में छूट दी जा सकती है लेकिन 60 वर्ष से अधिक नहीं।

·केवल चयनित सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

· कार्य भार ग्रहण तिथि 1 जनवरी, 2018 से होगी

· इस संबंध में सभी पत्राचार ईमेल और टेलीफोन के माध्यम से ही किए जाएंगे।

· आवेदन की स्कैन कॉपी वैध ईमेल आईडी/पता और संपर्क टेलीफोन नंबर के साथ शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, चरित्र प्रमाण पत्र और पासपोर्ट आदि की साक्ष्यांकन प्रति सहित पीडीएफ प्रारूप में दिनांक 15 जून, 2017 तक महानिदेशक, सार्क आर्बिट्रेशन काउंसिल (एसएआरसीओ) को infoAsarco.org.pk पर ईमेल द्वारा भेजें और इसकी एक प्रति dirindAsaarc-sec.org को भी भेजें।

महानिदेशक,

सार्क आर्बिट्रेशन काउंसिल, इस्लामाबाद-पाकिस्तान (दूरभाष: 0092 51 9266358),

ईमेल: www.sarco.org.pk